नगर आयुक्त के निर्देशन में युद्ध स्तर पर चला नालो की सफाई का अभियान

शाहजहाँपुर। कोविड-19 के दृष्टिगत नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर बढ़ते संक्रमण को कम किये जाने के उददेष्य से नगर निगम द्वारा चरणबद्ध तरीके से सेनेटाइजेशन का कार्य किया गया , नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियो में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान चल रहा है । इसी क्रम में नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर इसी क्रम में नगर आयुक्त के निर्देश पर सहायक आयुक्त रष्मि भारती द्वारा नगर क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी एवं आनन्दपुरम कॉलोनी में कराये जा रहे सेनेटाइजेशन के कार्य को अपनी देखरेख में कराया । इस मौके पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार एवं राजमगलं उपस्थित रहे।सहायक नगर आयुक्त अगंद गुप्ता द्वारा नगर क्षेत्र के मो0- अहदमपुर रेती, हाण्डा कॉलोनी, कृश्णानगर कॉलोनी, बहादुपुरा, फायर बिग्रेड एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में कराये जा रहे सेनेटाइजेषन के कार्य को अपनी देखरेख में कराया । इस मौके पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 ओ0पी0 गौतम एवं सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश कुमार दीक्षित एवं सुनील कुमार षाक्य उपस्थित रहे।